NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 84 /NCRES/20

Date : 11.5.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– चिकित्सा विभाग में लैब कैडर व हेल्थ मलेरिया निरीक्षक कैडर को विकेन्द्रीकृत (Decentralize) करना।

संदर्भ :– NCRES PNM Item No. 28/5/2018

महोदय,

दिनांक 25 / 26 फरवरी 2020 के PNM बैठक में इस मद पर विस्तार से चर्चा हुई और NCRES ने बताया था कि कर्मचारी के हित का ध्यान रखते हुये कर्मचारियों की मांग पर लैब व हेल्थ मलेरिया निरीक्षक के कैडर को Decentralize करने का मुद्दा PNM बैठक में उठाया गया है।

NCRES को यह भी बताना है कि रेल मंत्रालय की भी नीति है कि शक्तियो को Decentralize कर मण्डल स्तर पर जिम्मेदारी दी जाय, इसी के तहत कर्मचारियों के हित में अन्य जोनो ने भी लैब एवं हेल्थ मलेरिया निरीक्षक कैडर को Decentralize कर दिया है।

NCRES को यह भी बताना है कि हेडक्वाटर कन्ट्रोल होने के कारण लैब व हेल्थ मलेरिया कैडर में प्रमोशन के समय स्टाफ को अन्य मण्डलो में जाना पड़ता है, जिसके कारण स्टाफ का पूरा परिवार प्रभावित होता है, कर्मचारी तनाव में रहता है और इसके कारण कर्मचारी की कार्य क्षमता पर प्रभाव पड़ता है।

इसलिये NCRES का अनुरोध है कि चिकित्सा विभाग के लैब व हेल्थ एवं मलेरिया निरीक्षक कैडर को Decentralize करने के लिये उचित आदेश जारी करने का कष्ट करे।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री